आकाशवाणी चंडीगढ़

16 सितम्बर 2024, समय 1810

समाचार

- हरियाणा विधानसभा चुनाव में आज नामांकन वापिस लेने के अंतिम दिन कई बागी उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र वापिस लिया।

  बीजेपी ने सिरसा में गोपाल कांडा को समर्थन दिया।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल फरीदाबाद और लोहारू विधानसभा क्षेत्रों में दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे।
- हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि निष्पक्ष, भयमुक्त एवं पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए राज्य पुलिस के साथ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 225 कम्पनियां तैनात की जाएंगी ।
- हरियाणा में चुनाव प्रचार तेज़ हुआ। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने रोहतक,मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पुण्डरी और सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने जींद में चुनाव प्रचार किया।
- पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एक कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा कुमारी सैलजा पर की गई अभद्र टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी।

***************************************************

हरियाणा विधानसभा चुनाव में आज नामांकन वापिस लेने के आखिरी दिन कई बागी उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र वापिस लिया।

भारतीय जनता पार्टी के बागी नेता राजीव जैन ने बी जी पी प्रत्याशी के पक्ष में अपना नामांकन वापिस ले लिया । सुबह उनसे मिलने पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह और मोहन लाल बड़ौली से मुलाकात के बाद कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर उन्होंने विधानसभा चुनाव न लड़ने का निर्णय लिया। राजीव जैन ने पार्टी द्वारा टिकट न दिए जाने से नाराज़ होकर आज़ाद उम्मीदवार के तौर पर नामांकन पत्र दाखिल किया था।पूर्व वित्त मंत्री प्रोफेसर संपत सिंह चुनाव नहीं लड़ेंगे।उन्होंने आज अपना नामांकन वापिस ले लिया।गौरतलब है कि कांग्रेस से टिकट न मिलने से नाराज संपत सिंह ने नलवा हलके से बतौर निर्दलीय प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल किया था। सिरसा से बी जे पी उम्मीदवार रोहतास जांगड़ा ने भी अपना नामांकन वापस लिया है। अब इस सीट पर बीजेपी गोपाल कांडा का समर्थन करेगी। गोपाल कांडा इस सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं।समझौते के तहत गोपाल कांडा रानियां सीट से अपना उम्मीदवार वापस लेंगे।एक दिन पहले ही गोपाल कांडा ने कहा था कि उनकी पार्टी अभी भी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का हिस्सा है और चुनाव जीतने के बाद बी जे पी के साथ मिल कर सरकार बनाएंगे।

*****************************************************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल फरीदाबाद और भिवानी के लोहारू विधानसभा क्षेत्र में रैली करेंगे। इस हलके से बी जे पी प्रत्याशी जे पी दलाल चुनाव मैदान में हैं। वहीं 26 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोनीपत में रैली करेंगे।उधर इंडियन नेंशनल लोक दल 25 सितंबर को ताऊ देवीलाल की जयंती पर रैली करेगा । चुनावी माहौल के चलते रैली में बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती और पंजाब के पूर्व अप मुख्यमन्त्री सुखबीर बादल शिरकत करेंगे। फरीदाबाद से हमारे

संवाददाता ने बताया है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के फरीदाबाद आगमन को देखते हुए फरीदाबाद पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। इस एडवाइजरी के अनुसार, कल सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक फरीदाबाद सीमा में सभी प्रकार के भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से वर्जित रहेगा। इसके अलावा, फरीदाबाद शहर के भीतर और बाहरी क्षेत्रों में भी भारी वाहनों के आवागमन पर पाबंदी रहेगी।

****************************************************

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा है कि निष्पक्ष, भयमुक्त एवं पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए राज्य पुलिस के साथ केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 225 कंपनियां भी मुस्तैदी से तैनात रहेंगी। श्री अग्रवाल, चुनावों के दौरान केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती पर गठित राज्य समिति के अध्यक्ष भी हैं ।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सुरक्षा प्रबंधों के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग से मांगी गई 225 कंपनियों में से 70 कंपनियां 25 अगस्त तक राज्य में पहुँच चुकी हैं।केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की 15-15, सीमा सुरक्षा बल, भारत तिब्बत सीमा पुलिस, सशस्त्र सीमा बल तथा रेलवे सुरक्षा बल की 10-10कंपनियों को सीधे हरियाणा में भेजा गया है।शेष 155 कंपनियां जम्मू व कश्मीर के पहले व दूसरे चरण के चुनाव के बाद 24 सितंबर तक राज्य में पहुँच जाएँगी, जिनमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, भारत तिब्बत सीमा पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की 25- 25 कंपनियां, सीमा सुरक्षा बल की 15, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की 30 तथा सशस्त्र सीमा बल की 35 कंपनियां शामिल हैं।श्री अग्रवाल बताया कि 5 अक्तूबर को

चुनाव होने के बाद ई वी एम, स्ट्रांग रूम तथा मतगणना केंद्रों की सुरक्षा के लिए 30 कंपनियां राज्य में मतगणना पूरी होने तक तैनात रहेंगी।

*****************************************************

हरियाणा में चुनाव प्रचार तेज़ हो गया है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने आज रोहतक में प्रबुद्ध समाज सम्मेलन को संबोधित किया उन्होंने मौजूदा प्रदेश सरकार के 10 साल और पूर्व कांग्रेस सरकार के 10 साल के कार्यकाल की तुलना की । उन्होंने मौजूदा सरकार के कार्यकाल को हर लिहाज से बेहतर बताया। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की जमकर आलोचना की। श्री मनोहर लाल ने कांग्रेस पार्टी पर झूठ बोल कर लोगों को गुमराह करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा प्रति व्यक्ति आय और प्रति व्यक्ति निवेश में बेहतर है। इसके अलावा उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के आरक्षण और सिख समाज के बारे में अमरीका में दिए गए बयान की निंदा की।उधर मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज पुण्डरी में बीजेपी प्रत्याशी सतपाला जाँबा के लिए प्रचार किया और लोगों से उनको जिताने की अपील की।

*****************************************************

सोनीपत लोकसभा क्षेत्र से सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी जल्द ही विधिवत रूप से अपना घोषणा पत्र जारी करेगी जिसमें सभी वर्गों का समान रूप से ध्यान रखा जाएगा। सांसद ने आज जींद विधानसभा से पार्टी प्रत्याशी महावीर गुप्ता के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के पश्चात पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि पिछले दस वर्ष के शासनकाल में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का बोलबाला रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने ऐलान कर

दिया है कि कांग्रेस की सरकार बनने पर अपराधियों को हरियाणा में नहीं रहने दिया जाएगा।

******************************************************

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा पर की गई अभद्र टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि वे सम्मानित नेता हैं। कांग्रेस का कोई भी व्यक्ति यह बात नहीं कह सकता ,अगर कोई कांग्रेसी इस तरह की भाषा का प्रयोग करता है तो उसका पार्टी में कोई स्थान नहीं है।पूर्व मुख्यमंत्री आज रोहतक में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। गौरतलब है कि नारनौंद विधानसभा क्षेत्र से जस्सी पेटवाड़ कांग्रेस उम्मीदवार हैं। इस क्षेत्र से कुमारी सैलजा समर्थक डा. अजय भी टिकट के दावेदार थे। जस्सी को टिकट मिलने के बाद उनके समर्थक एक कांग्रेस कार्यकर्ता ने कुमारी सैलजा के बारे में जातिसूचक टिप्पणी कर दी, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। जिसके बाद प्रदेश भर में अनुसूचित जाति वर्ग गुस्से में है।

इस दौरान बेरी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक ओमप्रकाश बेरी व उनके पुत्र भारतीय जनता पार्टी के झज्जर के पूर्व जिलाध्यक्ष विक्रम कादियान कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए।भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री गायत्री देवी भी कांग्रेस में शामिल हो गई।

एक सवाल के जवाब में भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस की नीति है कि मुख्यमंत्री वह बनेगा, जिसे विधायक चुनेंगे। पर्यवेक्षक आएंगे और वे आलाकमान को बताएंगे, आलाकमान मुख्यमंत्री का फैसला करेगा।

***********************************************************
हरियाणा में मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से अब वीटा मिल्क प्लांट के जो भी उत्पाद होंगे उन पर मतदाता जागरूकता की मुहर लगेगी। आज इसकी शुरुआत जींद में वीटा मिल्क प्लांट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र कुमार ने की। उन्होंने कहा कि इससे मतदान का संदेश जनसाधारण तक पहुंचेगा और अधिक से अधिक लोग मतदान के प्रति जागरूक होंगे । इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से स्वीप के सहायक जिला नोडल अधिकारी ख्याली राम ने कर्मचारियों एवं अधिकारियों को मतदान की शपथ दिलाई।

***********************************************************
हरियाणा और चंडीगढ़ में आज ईद ए मिलाद उल-नबी का त्यौहार श्रद्धा और धूम धाम से मनाया गया। अंबाला में रजा-ए-मुस्तफा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा इस उपलक्ष्य में पुरानी सब्जी मंडी स्थित दरगाह हजरत साई तवक्कलशाह मस्जिद से शोभायात्रा भी निकाली गई ।

***********************************************************
स्वच्छता ही सेवा अभियान कल से शुरू होगा और 2 अक्तूबर तक चलेगा। इस वर्ष इसका विषय "स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता" रखा गया है। इस अभियान के तहत पर्यटन स्थलों, सार्वजनिक भवनों, व्यावसायिक क्षेत्रों, जलाशयों, चिड़िया घरों, अभयारण्यों और सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों सहित विभिन्न स्थानों पर श्रमदान और सामुहिक रूप से बड़े पैमाने पर सफाई की जाएगी। देशभर में केन्द्र सरकार के सभी मंत्रालयों और राज्यों की ओर से इस सिलसिले में कई गतिविधियां आयोजित की जायेंगी, जिनमें आम लोगों को शामिल किया

जाएगा।सम्पूर्ण समाज की भागीदारी के दृष्टिकोण से इस वर्ष इस अभियान को तीन प्रमुख बिन्दुओं पर केन्द्रित रखा गया है। इनमें स्वच्छता लक्ष्य इकाईयों के लिए श्रमदान गतिविधियां, स्वच्छता में जनभागीदारी और सफाई मित्र सुरक्षा शिविर शामिल हैं।